# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B' श्रेणी)

*सम्बद्ध*

**दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर**

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 23.03.2021

## समाचार स्वरूप प्रकाशनार्थ

दिनांक 23–03–2021 गोरखपुर। दिग्विजय नाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग द्वारा 83वीं शहीदी दिवस के अवसर पर **''बदलता विश्व परिदृश्य एवं भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा''** विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय के **प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता** में सम्पन्न हुआ। जिसमें **मुख्य अतिथि के रूप में प्रो हरिशरण पूर्व प्रतिकुलपति, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर** ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 23 मार्च 1931 को लाहौर की जेल में भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी, उन्हीं वीर सपूतों की याद में इस तिथि को शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बदलते विश्व परिदृश्य के संदर्भ में कहा की बीसवीं शताब्दी मैं विश्व राजनीति में परिवर्तन की शताब्दी रही है इस काल में विश्व में दो महायुद्धों को देखा जिसके बाद विश्व दो ध्रुवीय व्यवस्था में परिवर्तित हो गया और 1991 में सोवियत संघ के विघटन के उपरांत पुनः विश्व एक ध्रुवीय व्यवस्था में परिवर्तित हो गया। वर्तमान समय में समूचा विश्व विभिन्न संगठनों (सार्क,नाटो,आसियान, क्वाड,आरसेप) एवं विभिन्न संधियों के माध्यम से वैश्विक व्यवस्था बहुध्रुवीयता की ओर परिवर्तित होती दिखाई दे रही है जिसके केंद्र में आर्थिक शक्ति है। आज अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए चीन आर्थिक शक्ति के रूप में अपने को प्रतिष्ठित करने के लिए अग्रसर है। दूसरी तरफ भारत ने आर्थिक, राजनीतिक और कूटनीतिक स्तर पर अपने राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए एक ऐसे बहुपक्षीय समूहों के नेतृत्व कर्ता के रूप में उभरा है। उन्होंने महत्वपूर्ण चार बिंदु बताते हुए विश्व परिदृश्य के बदलाव हेतु जल, थल, वायु एवं साइबर स्पेस को बतलाया जिसने राष्ट्रीय हितों को परिवर्तित किया है। आज का समय रणनीतिक साझेदारी, बात–चीत और सहयोग का समय है और इसी पर विश्व समुदाय आगे बढ़ रहा है। भारतीय सुरक्षा के परिदृश्य में भारत क्वाड जैसे संगठन का सदस्य बना जो चीन के लिए चिंता का कारण बना हुआ है।

अपने अध्यक्षीय उदबोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज भारत बदलते परिदृश्य में आर्थिक सैनिक एवं राजनीतिक रूप से सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरा है। कार्यक्रम का संचालन विभाग के प्रभारी डॉ आर पी यादव ने तथा आभार ज्ञापन राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शैलेश कुमार सिंह ने किया। उक्त अवसर पर विभाग के सहायक आचार्य श्री विकास पाठक, डॉ. अखिल श्रीवास्तव डॉ अनूप राय सहित विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना जनसम्पर्क